# पेड़ धरती का श्रृंगार हैं और पेड़ से विनम्रता सीखने को मिलती है : केंद्रीय मंत्री

- केंद्रीय मंत्री ने नायता मुंडला में किया पौधारोपण
- 5100 पौधों के साथ 'मां की बगिया' में पौधारोपण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के सतत पौधरोपण अभियान में आज 51 सौ पौधे लगाए गए. पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान और मां की बगिया के नाम से उद्यान विकसित करने की शुरुआत की गई. निगम के पौधरोपण कार्यक्रम में केंद्रीय विधि मंत्री ने पौधा लगाकर नायता मुंडला क्षेत्र में बगीचा एवं पर्यावरण संरक्षण का नया क्षेत्र विकसित किया जाएगा.**

नगर निगम द्वारा 5100 पौधों के रोपण के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' उद्यान तथा 'मां की बगिया' की शुरुआत की गई. आगामी दिनों में यहां लगभग 11 हजार फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया जाएगा. इससे नए आरटीओ कार्यालय के पास नायता मुंडला क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित कर पर्यावरण संरक्षण की पहल की जाएगी. केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में संसद का मानसून सत्र सम्पन्न हुआ. उनका पहला सार्वजनिक कार्यक्रम इंदौर में हो रहा है. उन्होंने बताया कि संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा हुई. उसी भाव के साथ शहर में सिंदूर का पौधा लगाना स्वयं के लिए सौभाग्य की बात मानी. उन्होंने वृक्षों को धरती मां का श्रृंगार बताते हुए कहा कि वृक्ष हमें विनम्रता सिखाते हैं. उन्होंने कबीर दास के दोहों का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ पर पत्थर फेंकने पर भी वह फल देता है. पानी देने पर भी कोई अपेक्षा नहीं रखता. वृक्ष सभी को समान रूप से फल, छाया एवं ऑक्सीजन देते हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए. पर्यावरण संरक्षण का श्रेष्ठ उदाहरण है. क्षेत्रीय विधायक विधायक मधु वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष इस क्षेत्र की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर10 हजार वृक्षों का सफल रोपण किया गया था. उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से पौधरोपण अभियान जनआंदोलन के रूप में परिणत हो रहा है. कार्यक्रम में विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, अभिषेक शर्मा बबलू, अश्विनी शुक्ल, मनीष शर्मा मामा,हरि नारायण यादव, नगद अध्यक्ष सुमित मिश्रा बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं नगर निगम अधिकारी उपस्थित थे.



### पांच लाख छायादार व फलदार वृक्ष लगा चुके : विजयवर्गीय

इस मौके पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम संकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए इंदौर ने विगत वर्ष शहरवासियों के सहयोग से 51 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया. इस अभियान में गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रेवती रेंज पहाड़ी पर एक ही दिन में 12 लाख 41 हजार पौधों का रोपण कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इंदौर का नाम दर्ज कराया गया. मंत्री विजयवर्गीय ने आगे बताया कि इस वर्ष भी इंदौर ने 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया है. अब तक शहर के विभिन्न स्थानों पर मां की बगिया के रूप में लगभग 5 लाख फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए जा चुके हैं.

## विपक्ष पूरा बिल पढ़ता नहीं और विरोध कर रहा : मेघवाल

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** देश में 30 तक जेल में रहने पर मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री स्वयं पद से हट जाएंगे. गृहमंत्री ने ऐसा बिल पेश कर दिया है. बिल को जेपीसी में भेजा गया है और उसके बाद लागू भी कर दिया जाएगा.

यह बात केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन मेघवाल ने पत्रकारों से कही. केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन मेघवाल आज एक निजी लॉ कॉलेज के दीक्षांत समारोह में शामिल होने आए थे. इस दौरान उन्होंने नगर निगम के पौधारोपण अभियान में भी भाग लिया. नगर निगम के कार्यक्रम में पौधरोपण के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि को यदि सजा होती है और उसकी जमानत 30 दिन में नहीं होती है. उस स्थिति में उसका पद स्वत: ही समाप्त हो जाएगा।इसके दायरे में मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक आएंगे. उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में उक्त बोल पेश कर दिया है. यह एक पोग्रेसिव बिल है, जिसका विपक्ष विरोध कर रहा है. विपक्ष बिल पढ़ता नहीं है और बिल का विरोध कर रहा है. उन्होंने पूछा कि क्या विपक्ष भ्रष्टाचार का सहयोग करना चाहता है? भ्राचाचार और अपराधी के पक्ष में है?

किसी मामले में अपराधी है कोई व्यक्ति और कोर्ट ने सजा सुना दी है. सजा के बाद 30 में जमानत नहीं मिली या हुई तो फिर वह किसी भी पद पर नहीं रह पाएगा.

## एक नजर में

### मंगल इलेक्ट्रिकल ने एंकर बुक का समापन किया

**इंदौर.** मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी एंकर बुक का सफल समापन घोषित किया है. एंकर पोर्शन के 120 करोड़ रुपए को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला और यह 2.5 गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ. एंकर बुक में कई प्रमुख निवेशकों ने भाग लिया, जिनमें अबाक्कस एआईएफ, सुंदरम एआईएफ, मिरास इन्वेस्टमेंट्स, एलएमआर पार्टनर्स और फिनएवेन्यू ग्रोथ फंड समेत कई अन्य घरेलू और विदेशी संस्थान शामिल रहे. कंपनी को आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड से सब्सक्राइब रेटिंग प्राप्त हुई. आनंद राठी ने आईपीओ को सब्सक्राइब ङ्क लॉन्ग टर्म रेटिंग दी और कहा, अप्पर प्राइस बैंड पर, कंपनी का मूल्य वित्त वर्ष 2025 के लिए पी/ई अनुपात पर 32.8 गुना आँका गया है, जिसके बाद का मार्केट कैपिटलाइजेशन 15,500 मिलियन होगा. हाल के वर्षों में भारत की सबस्टेशन क्षमता में बिजली की बढ़ती मांग के चलते उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसने ट्रांसफॉर्मर उत्पादन के लिए मजबूत और स्थिर वातावरण तैयार किया है।इन सभी पहलुओं को देखते हुए, यह आई पी ओ उचित दाम पर प्रतीत होता है और हम 'सब्सक्राइब ङ्क लंबी अवधि' की सिफारिश करते हैं.

### केपी ग्रुप ने नवीकरणीय ऊर्जा में विकास को गति दी

**इंदौर.** भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी नाम केपी ग्रुप, 2030 तक 10 गीगावाट क्षमता तक पहुंचने के स्पष्ट लक्ष्य के साथ अपने विस्तार को आगे बढ़ा रहा है. गुजरात में पहले से ही चल रही परियोजनाओं के साथ, यह ग्रुप राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसे मजबूत ऑर्डर बुक और सरकारी साझेदारियों का समर्थन प्राप्त है. केपी ग्रुप ने 2.6 गीगावाट से अधिक क्षमता वाली नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए गुजरात, ओडिशा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, साथ ही अन्य राज्यों में नए अवसरों की तलाश भी कर रहा है. केपी ग्रप के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, डॉ. फारुक पटेल ने कहा हमारा ध्यान ऊर्जा के भविष्य पर है. भारत में स्वच्छ ऊर्जा की माँग तेज़ी से बढ़ रही है और हम इसे पूरा करने में एक सार्थक भूमिका निभाना चाहते हैं. राज्य सरकारों, खासकर गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा के साथ हमने जो साझेदारियाँ की हैं, वे तो बस एक शुरुआत हैं.

### किराक हैदराबाद ने प्रो पंजा लीग का खिताब जीता

**इंदौर.** 17 दिनों की लगातार पंजा कार्रवाई के बाद, किराक हैदराबाद ने ग्वालियर में 21 अगस्त को फाइनल में रोहतक रैडीज़ को 30-18 से हराकर आखिरकार प्रो पंजा लीग सीज़न 2 चैंपियन का खिताब हासिल कर लिया है. विजेता टीम को प्रो पंजा लीग की ओर से 20 लाख रुपए का इनाम भी मिला है. रोहतक रैडीज़ की निर्मल देवी को प्लेयर ऑफ द डे का पुरस्कार दिया गया. किराक हैदराबाद के सतनाम सिंह को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया. स्टीव थॉमस ने बादशाहों का बादशाह का खिताब जीता. कार्यक्रम में प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक परविन दबास और प्रीति झांगियानी उपस्थित थे. आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर, हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य डॉ. नरिंदर ध्रुव बत्रा, पेशेवर पहलवान सौरव गुर्जर और पूर्व कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी भी उपस्थित थे. ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व मुक्केबाज विजेंदर सिंह टीम एंबेसडर के रूप में रोहतक रैडीज़ का समर्थन करने के लिए उपस्थित थे.

### डैनफॉस इंडिया ने फोर्टे टेक्निक्स को रीसेलर नियुक्त किया

**इंदौर.** ऊर्जा-कुशल समाधानों में दुनिया में सबसे आगे, डैनफॉस इंडिया ने मध्य भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए फोर्टे टेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड को मध्य प्रदेश में औद्योगिक रेफ्रिजरेशन उत्पादों का आधिकारिक रीसेलर नियुक्त किया है. यह रणनीतिक पार्टनरशिप, जो वोल्गा एजेंसी के ज़रिए की गई है, डैनफॉस इंडिया के वितरण नेटवर्क को और मज़बूत बनाती है तथा इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, पीथमपुर और उज्जैन सहित प्रमुख शहरों में ग्राहकों को बेहतर सेवा समर्थन प्रदान करती है. डैनफॉस इंडिया अत्याधुनिक रेफ्रिजरेशन तकनीक उपलब्ध कराने के लिए जानी जाती है, जो ऊर्जा की बचत और सुरक्षित रेफ्रिजरेशन को खाद्य प्रसंस्करण, कोल्ड स्टोरेज और दवा उद्योग जैसे क्षेत्रों में संभव बनाती है. रविचंद्रन पुरूषोत्तमन, अध्यक्ष, डैनफॉस इंडिया ने कहा औद्योगिक रेफ्रिजरेशन भारत की खाद्य सुरक्षा, कोल्ड चेन और दवा सुरक्षा के लिए बहुत ज़रूरी है. मध्य प्रदेश में फोर्टे टेक्निक्स को अपना रीसेलर नियुक्त करके, और वोल्गा एजेंसी के सहयोग से, हम मज़बूत स्थानीय सहयोग के साथ उन्नत और ऊर्जा-कुशल समाधान ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं.



### पार्श्वनाथ नगर जिनालय में दादा आदिनाथ प्रतिमा की अंग रचना

**इंदौर.** अन्नपूर्णा रोड स्थित पार्श्वनाथ नगर के जिनालय में भगवान दादा आदिनाथ की प्रतिमा की आंगी का विभिन्न फूलों से मनोहारी श्रृंगार किया गया. इस आंगी के दर्शनार्थ दिनभर समाजबंधुओं का तांता लगा रहा. समाजसेवी सुजान चौपड़ा ने बताया कि रविवार को महावीर जन्म वाचन प्रसंग भी दोपहर में मनाया जाएगा.

### खाद्य तेल उत्पादन में पुनर्योजी कृषि को बढ़ावा देने की पहल

**इंदौर.** भारत के खाद्य तेल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अग्रणी उद्योग संघ, अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों और नागरिक समाज संगठनों ने मिलकर नेशनल एलायंस फॉर रीजेनेरेटिव वेजिटेबल ऑयल सेक्टर (नारवोस)का गठन भोपाल में किया है. कार्यक्रम में साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अपने 800 सदस्य कंपनियों के साथ मिलकर पुनर्योजी उत्पादों की खरीद (बायबैक) के लिए प्रतिबद्धता की घोषणा की. सॉलिडरिडाड द्वारा संचालित यह मंच पुनर्योजी कृषि को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देगा, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा, उत्पादकता बढ़ेगी और किसान जलवायु परिवर्तन से बेहतर तरीके से निपट सकेंगे. अंशु मलिक, उपाध्यक्ष, सॉल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडियाने कहा भारत अपने खाद्य तेल क्षेत्र की यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है. एक ओर हम दुनिया के सबसे बड़े आयातक हैं और हर वर्ष 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक विदेशी तेल आयात पर खर्च करते हैं, जिससे हमारी खाद्य सुरक्षा वैश्विक बाज़ार की अस्थिरताओं पर निर्भर हो जाती है. दूसरी ओर हमारे किसान घटती उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं. पुनर्योजी कृषि हमें एक मार्ग प्रदान करती है. इस गठबंधन के माध्यम से यदि हम साथ मिलकर कार्य करें तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बन सकता है बल्कि टिकाऊ वनस्पति तेलों में वैश्विक नेतृत्व भी स्थापित कर सकता है.

### फेनेस्टा ने मध्य प्रदेश में अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त

**इंदौर.** रतलाम, प्रीमियम दरवाज़ों और खिड़कियों के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड फेनेस्टा ने रतलाम में नए शोरूम के लॉन्च के साथ मध्यप्रदेश में अपने रीटेल फुट प्रिन्ट का विस्तार किया है. बोहरा बिल्डर्स द्वारा संचालित यह शोरूम 47, टीआईटी रोड़, रतलाम पर स्थित है जो देशभर में विश्व स्तरीय फेनेस्ट्रेशन समाधान उपलब्ध कराने के फेनेस्टा के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है. नया शोरूम इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह उपभोक्ताओं को फेनेस्टा के संपूर्ण पोर्टफोलियो का व्यापक एवं प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें आधुनिक डिज़ाइन में तैयार किए गए यूपीवीसी, एलुमिनियम विंडोज़ एवं डोर्स, सोलिड पैनल डोर और फॉसेड्स एवं प्रीमियम हार्डवेयर शामिल हैं. लॉन्च के अवसर पर फेनेस्टा के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा रतलाम में नए शोरूम का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, इस शहर को विकसित होते इन्फ्रास्ट्रक्चर और उपभोक्ताओं में बढ़ती जागरुकता के लिए जाना जाता है. इस शोरूम में उपभोक्ता हमारे प्रोडक्ट्स को प्रत्यक्ष रूप से देख सकेंगे और अपने लिविंग स्पेसेज़ के लिए सोच-समझकर अपनी पसंद के प्रोडक्ट खरीद ने का फैसला ले सकेंगे.

### शाहरुख़ खान और आर्यन खान ने नई सीरीज़ का प्रीव्यू पेश किया

**इंदौर.** नेटफ्लिक्स ने द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड का प्रीव्यू पेश कर माहौल को रोशन कर दिया।यह आर्यन खान का डायरेक्टोरियल डेब्यू है, जो 18 सितंबर को लॉन्च होने जा रहा है. रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, इस सीरीज को आर्यन खान ने क्रिएट किया है. नेटफ्लिक्स की द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड का प्रीव्यू एक तेज़-रफ़्तार शो की झलक दिखाता है, जो स्टाइलिश लेकिन हलचल भरी दुनिया में बना है. इसमें सेल्फ-अवेयर ह्यूमर और मज़ेदार चुटीला अंदाज़ देखने को मिलेगा. शाहरुख़ खान ने अपने अनोखे अंदाज़ और मज़ाकिया शैली में इस शो की स्टारकास्ट का परिचय कराया. इनमें बॉबी देओल, लक्ष्य, सहर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिंह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, आन्या सिंह और विजयंत कोहली शामिल हैंय आर्यन खान ने कहानी बनाने की अपनी सोच साझा करते हुए कहा द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड के ज़रिए, मैं एक ऐसी दुनिया बनाना चाहता था जो असली लगे, जहाँ चमक-धमक और संघर्ष दोनों हों, जहाँ महत्वाकांक्षा चमकें, अहंकार टकराएँ और जहाँ चीज़ें कभी वैसी न हों जैसी दिखाई देती हैं.













